हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, गुरुवार, 17 अप्रैल 2025

12 अध्यापकों ने ऑनलाइन डायरी लिखने का किया कड़ा विरोध



12 फतेहाबाद क्रिकेट लीग का शुभारंभ, फाइनल में पहुंची टोहाना जोन...



## खबर संक्षेप

### वृद्धों के लिए फ्री मेडिकल चेकअप कैंप 18 को

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरिष्ठ नागरिक परिषद के तत्वाधान में नागरिक अस्पताल फतेहाबाद के सीएमओ कार्यालय द्वारा अप्रैल माह के तीसरे शुक्रवार 18 अप्रैल को निःशुल्क मेडिकल चैकअप कैम्प बाल भवन फतेहाबाद में प्रातः 10 बजे से प्रधान ईश्वर देवी सेठी की अध्यक्षता में लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया इस चैकअप कैम्प में सेवानिवृत डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में टीम वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क जांच करेगी व निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की जाएगी।

### फुलां मर्डर मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सदर फतेहाबाद पुलिस ने गांव फुलां में एक युवक की हत्या करने के मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी महिला लक्ष्मीना को गिरफ्तार कर लिया है। महिला को अदालत में पेश कर हिसार जेल भेज दिया है। इस मामले में महिला के पति राजेश कुमार उर्फ घोना पुत्र देवीलाल निवासी फुलां को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 10 अप्रैल को गांव फुलां निवासी देवेन्द्र कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### 8 किसानों के ट्यूबवेलों से सैंकड़ों फुट केबल चोरी

**फतेहाबाद।** जिले के जाखल क्षेत्र में खेतों में लगे ट्यूब्वेलों से केबल चोरी होने के मामले लगातार बढ़ रहे है। गत दिवस भी चोरों ने गांव म्योंद कलां में कई खेतों में लगे 8 ट्यूब्वैलों से हजारों रुपये की केबल चोरी कर ली। चोरी की बढ़ती घटनाओं से किसानों में काफी रोष है। इस मामले में जाखल पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव म्योंद कलां निवासी लवप्रीत सिंह ने कहा है कि गत दिवस रात को अज्ञात चोर उसके खेत में घुस गए और वहां से ट्यूब्वैल की करीब 100 फुट तार चोरी कर ले गए है।

### 17 किलोग्राम लाहन सहित आरोपी गिरफ्तार

**कालांवाली।** पुलिस ने गांव कालांवाली से एक व्यक्ति को 17 किलोग्राम लाहन शराब व सामान के साथ काबू किया है। सब इंस्पेक्टर रामफल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान अर्जुन सिंह निवासी कालांवाली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक जागर सिंह के नेतृत्व में एक टीम गश्त पर अपराध बस अड्डा गांव कालांवाली पर मौजूद थी। महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश दी तो अर्जुन सिंह को 17 किलो ग्राम शराब लाहन व सम्मान के साथ काबू किया गया।

## गेहूं खरीद : 7357 किसानों को 24.64 करोड़ किए ट्रांसफर

# रिकार्ड तोड़ हो रही आवक, डीएफएससी ने खरीद की शुरू, लिफ्टिंग मात्र 10 प्रतिशत

### विभिन्न खरीद एजेंसियों ने 1 लाख 13 हजार 434 एमटी गेहूं की खरीद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला की अनाज मण्डियों व खरीद केन्द्रों में इन दिनों गेहूं की रिकार्ड तोड़ आवक हो रही है। बुधवार तक जिला में 1 लाख 50 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की आवक हो चुकी है जिसमें से विभिन्न खरीद एजेंसियों ने 1 लाख 13 हजार 434 एमटी गेहूं की खरीद कर ली है। खरीद एजेंसियों ने खरीदी गई गेहूं में से 12 हजार 118 एमटी गेहूं का उठान कर लिया है जोकि कुल खरीद का मात्र 10 प्रतिशत बनता है। खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदे गए गेहूं की एवज में डीएफएससी ने 7357 किसानों को उनके खाते में 24 करोड़ 64 लाख रुपये की राशि ट्रांसफर कर दी है। बता दें कि बीते वर्ष 7 लाख 1 हजार 641 एमटी गेहूं की खरीद हुई थी। इस बार इस लक्ष्य पार हो सकता है। उधर व्यापार मंडल अनाज मण्डी के प्रधान जगदीश भादू का कहना है कि अनाज मण्डी में गेहूं की खरीद तो शुरू हो गई है लेकिन उठान न होने से अभी किसानों के खाते में पैसे आने में देरी हो रही है जिससे आढ़ती भी परेशान हैं।





**फतेहाबाद।** गऊशाला रोड पर लगी गेहूं की ढेरियां व खाली पड़ी पुरानी अनाज मण्डी। फोटो : हरिभूमि

### हैफेड ने अब तक गेहूं की सबसे ज्यादा खरीद की

फतेहाबाद। जिला में अब तक 7357 किसानों की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 113434 मीट्रिक टन गेहूं फसल की खरीद की गई है। इसके लिए सरकार की ओर से किसानों को 24.64 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया है। फूड सप्लाई ने 907 किसानों की 13409 मीट्रिक टन, हैफेड ने 2364 किसानों की 46220 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 2689 किसानों की 43694 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 1397 किसानों की 10111 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। जिला में अब 12118 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है, जिसमें फूड सप्लाई ने 438 मीट्रिक टन, हैफेड ने 4334 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 1948 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 5398 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया गया है। जिला में अब तक 7357 किसानों की गेहूं की फसल खरीदी जा चुकी है जिसकी एवज में विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 24.64 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है।

### पुरानी अनाज मंडी अभी खाली

खास बात यह है कि इस बार अभी भट्टू रोड स्थित पुरानी अनाज मंण्डी खाली पड़ी है। यहां पर गेहूं की आवक नाममात्र है। बता रहे हैं कि बड़े आढ़ती अपनी गेहूं की फसल सिरसा रोड स्थित नई अनाज मण्डी में डलवा रहे हैं। 2-4 दिन में जब गेहूं की बम्पर आवक होगी तो शहर की पुरानी अनाज मण्डी भी फुल हो जाएगी। आमतौर पर इस समय पुरानी अनाज मण्डी गेहूं से अट जाती है और मण्डी में पैर रखने की जगह नहीं होती।

### राजस्थान जा सकता है भट्टू का गेहूं

इस बार खरीद एजेंसियों व आढ़तियों को एक डर ओर सता रहा है कि राजस्थान से सटी भट्टू मण्डी व आसपास के गांवों के किसान अपना गेहूं राजस्थान की ओर न ले जाएं। दरअसल राजस्थान सरकार ने गेहूं पर 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा कर रखी है। ऐसे में किसान राजस्थान की ओर रूख कर सकते हैं। फतेहाबाद के भट्टू सीमा से सटे गांवों से आने वाली गेहूं की रफ्तार अभी कम है। राजस्थान में गेहूं बेचने वाले किसानों को दोहरा फायदा हो सकता है। एक तो उन्हें आढ़तियों से जो अग्रिम ले रखा है, उससे फायदा होगा। दूसरा उन्हें 150 रुपये प्रति क्विंटल कीमत ज्यादा मिलेगी।

### सरकार ने गेहूं की ढीली खरीद की, उठान ना करने से किसान व आढ़ती बेहद दुखी : बजरंग गर्ग

**फतेहाबाद।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने फतेहाबाद की मंडियों का दौरा किया। इस दौरान आढ़ती व किसानों से बातचीत करने के उपरांत उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गेंहू की ढीली खरीद, गेहूं उठान ना करने से किसान व आढ़ती बेहद दुखी है। गेहूं की समय पर खरीद व उठान ना होने से गेहूं खुले में मण्डी व सडक़ों पर पड़ी है जबकि बेमौसमी बारिश होने के कारण भारी मात्रा में गेहूं खराब हो चुकी है। सरकार को अपने वायदे के अनुसार गेहूं की खरीद, उठान व भुगतान 48 घंटे में करना चाहिए।

### सोमवार और वीरवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग करेगा खरीद, लोगों ने विधायक का किया धन्यवाद



चौधरी दुडाराम जी पूर्व विधायक फतेहाबाद के द्वारा अनाज मंडी की गेहूं के खरीद डीएफएससी द्वारा शुरू करवा दी गई है इस उपलक्ष में व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने चौधरी दुडाराम से मिलकर धन्यवाद किया व मिठाई खिलाई। गौरतलब है की डीएफएससी की खरीद की मांग कोई लेकर व्यापार मंडल लम्बे समय से मांग कर रहा था। फतेहाबाद की मंडियों में सोमवार और वीरवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग खरीद करेगा।

## मंडियों व खरीद केंद्रों में अब तक 1,12,691 क्विंटल सरसों की आवक

■ उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जल्द उठान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में सरसों फसल की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 112691 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से एचएसडब्ल्यूसी द्वारा फतेहाबाद अनाज मंडी में 14141 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 57958 क्विंटल तथा हैफेड द्वारा भूना अनाज मंडी में 40592 क्विंटल की आवक हुई है।

उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला में अब तक 95948 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 7852 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 54661 क्विंटल तथा भूना अनाज मंडी में 33435 क्विंटल सरसों फसल की खरीद हुई है। जिला में अब तक 73428 क्विंटल सरसों फसल का उठान हो चुका है, जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 6289 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 36446 क्विंटल तथा भूना अनाज मंडी में 30693 क्विंटल सरसों फसल का उठान किया गया है। उपायुक्त ने संबंधित विभाग व एजेंसी को निर्देश दिए है कि वे अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से खरीदी गई सरसों फसल के उठान कार्य में तेजी लाए ताकि मंडियों में जाम आदि की स्थिति पैदा न हो।

### किसानों से अपील

उपायुक्त मनदीप कौर ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी सरसों की फसल को सूखाकर व तयमानकों अनुसार खरीद केंद्रों व अनाज मंडियों में लेकर आए ताकि उनकी फसल की जल्द खरीद हो सके। उपायुक्त ने संबंधित विभाग व एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे खरीद केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए पीने के लिए स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालयों, तिरपाल आदि की समुचित व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

## प्रशासन को कब्जा हटाने से रोका 2 महिलाओं सहित 13 पर केस

■ गांव चुहड़पुर में अवैध कब्जा हटाने गई टीम के साथ विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव चुहड़पुर में नाजायज कब्जा हटाने गई टीम के साथ विवाद कर सरकारी ड्यूटी में बाधा पहुंचाने के मामले में जाखल पुलिस ने दो महिलाओं सहित 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी जाखल किनी गुप्ता ने कहा है कि ग्राम पंचायत चुहड़पुर में एक प्लाट पर 26 दिसम्बर 2024 को ड्यूटी मेजिस्ट्रेट द्वारा नाजायज कब्जा हटाया गया था। इस पर बबली कौर, राजेन्द्र सिंह, अमरीक सिंह, दीपक ने फिर से नाजायज कब्जा कर लिया। इस पर एसडीएम टोहाना व बीडीपीओ जाखल द्वारा 25 मार्च को मौके पर जाकर 10 दिन के अंदर नाजायज कब्जा खाली करने बारे आदेश दिए गए थे परंतु कब्जाधारकों ने प्रशासन के आदेशों की कोई परवाह न करते हुए नाजायज कब्जा नहीं हटाया। इसके बाद 3 अप्रैल को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी जाखल, सामाजिक शिक्षा व पंचायत अधिकारी जाखल, ग्राम सचिव, गांव चूहड़पुर सरपंच पुलिस बल के साथ अवैध कब्जा हटाने गए सरकारी काम में बाधा पहुंचाई।

## इंतकाल व जमाबंदी के लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाएं : उपायुक्त

■ उपायुक्त मनदीप कौर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त मनदीप कौर ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि जमाबंदी व इंतकाल के लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाए। बैठक में उन्होंने संबंधित उपमंडल अधिकारी (ना.) को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व संबंधी लंबित कोर्ट केसों पर विशेष ध्यान देकर उनका अतिशीघ्र निपटान किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने जिला राजस्व अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि आवश्यकता अनुसार जहां भी स्टाफ की कमी है, उसे तुरंत पूरा किया जाए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ततीमा के अपडेशन कार्य में तेजी लाए।



### इन विषयों पर किया विचार

उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ओएलआर में कोई बकाया नहीं रहना चाहिए। बैठक में उपायुक्त ने ओएलआर (फीस इंतकाल व फीस रिकॉर्ड माल पटवारियान), कोर्ट जुर्माना, स्टांप ड्यूटी, बैंक ड्यूज, स्टांप एक्ट के अंतर्गत 47-एके तहत बकाया कोर्ट केस, लंबित राजस्व कोर्ट केस, ततीमा कटिंग तथा विभागीय लंबित कार्यों पर गहनता से विचार विमर्श कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार, एसडीएम टोहाना प्रतीक हुड्डा, एसडीएम रतिया सुरेश कुमार, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ अनूप सिंह सहित तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सिरसा।** जोधकां मोड़ के समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने सामने से आ रहे बाइक सवार दंपति को टक्कर दे मारी, जिसमें पति की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस को दिए बयानों में राजदुलारी निवासी जोधकां ने बताया कि बीती 15 अप्रेल को वह अपने पति के साथ बाइक पर गांव करनौली गए थे। शाम को वापस आते वक्त नेशनल हाइवे से गांव जोधकां मोड़ पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे दोनों बाइक सहित सडक़ पर जा गिरे। हादसे में दोनों को काफी चोटें आई। ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया। आसपास के लोगों ने उन्हें सिरसा अस्पताल में पहुंचाया, जहां से उन्हें हिसार रेफर कर दिया गया। हिसार के निजी अस्पताल में उसके पति इंद्र सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## कर्मियों को पक्का करे सरकार : लोट

■ मांगों को लेकर दूसरे दिन भी नगरपरिषद कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपनी मांगों को लेकर आंदोलन नगरपरिषद कर्मचारियों ने बुधवार को दूसरे दिन भी गेट मीटिंग कर सरकार व नगरपरिषद प्रशासन के रवैये पर विरोध प्रकट किया। नगरपरिषद प्रांगण में इकट्ठा हुए कर्मचारियों ने नारेबाजी कर सरकार से उनकी मांगों व समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की। बुधवार को गेट मीटिंग की अध्यक्षता इकाई प्रधान विजय ढाका ने की व संचालन सचिव ओमप्रकाश लोट ने किया। गेट मीटिंग में संबोधित करते हुए इकाई प्रधान विजय ढाका व ओमप्रकाश लोट ने कहा कि प्रदेश सरकार कई बार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का आश्वासन दे चुकी है लेकिन अब तक अपने वायदे को पूरा नहीं किया। फतेहाबाद शहर की आबादी लगाकर बढ़ रही है लेकिन सरकार नए पद सृजित कर कर्मचारियों की भर्ती नहीं कर रही है।



**फतेहाबाद।** गेट मीटिंग में भाग लेते नगरपरिषद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### आंदोलन तेज करने की चेतावनी

इकाई वरिष्ठ उपप्रधान सत्यवान टाक व उपप्रधान पवन चिंडालिया ने ठेकेदार की मनमानी पर रोष जताते हुए कहा कि ठेकेदार अधिकारियों के साथ सांठ-गांठ कर कर्मचारियों को परेशान कर रहा है। शोषण के खिलाफ आवाज उठाने वाले कर्मचारी को हटा दिया जाता है। इसके अलावा न तो कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश मिल रहे हैं और न ही समय पर वेतन। ऐसे में नगरपालिका कर्मचारी संघ ने आंदोलन की राह चुनी है। उन्होंने कहा कि अगर कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया गया, ठेकेदार की मनमानी पर रोक नहीं लगी और हटाए गए कर्मचारियों को वापस नहीं लिया गया तो संघ आंदोलन को ओर तेज करेगा।

## ग्रीष्म लहर में पशुओं का करें बचाव, उचित खुराक अवश्य दें

■ पशुओं के बचाव के लिए पशुपालन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि समस्त हरियाणा समेत पूरे उत्तर भारत में ग्रीष्म लहर आरंभ हो गई है जिसको देखते हुए पशुपालन विभाग ने प्रदेश में ग्रीष्म लहर से पशुओं के बचाव हेतू जिला फतेहाबाद के लिए एडवाइजरी जारी की है। ग्रीष्म लहर में पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता पर विपरित असर पड़ता है। इसके अतिरिक्त कमजोर व नवजात पशुओं पर ग्रीष्म लहर का प्रभाव ज्यादा पड़ता है तथा लू लगने की संभावना बनी रहती है। इस स्थिति के कुप्रभाव से बचाव हेतू पशुओं को उचित खुराक व मिनरल मिश्रण अवश्य देना चाहिए।

### इन बातों का रखें ध्यान

पशुपालन एवं डेरिंग विभाग के उप निदेशक डॉ. सुखविंद्र सिंह ने बताया कि धूप के दौरान पशुओं को बाहर ना निकाले। यदि पशुओं में लू लगने के कोई लक्षण दिखाई दे तो तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क करें। ग्रीष्म लहर से बचाव के लिए जारी की गई एडवाइजरी की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पशुओं को सुबह व शाम दोनों समय ठंडे पानी से नहलाएं, पशुओं के बैठने का स्थान खुला व छायादार होना चाहिए, पशुओं के टीन शैड के नीचे न बैठाएं, धूप के दौरान पशुओं को बाहर न निकाले, नवजात पशुओं को भीगी हुई बोरी से ढक कर रखे, खनिज मिश्रण नियमित तौर पर देते रहे, पक्षियों व पालतू जानवरों के लिए पानी के सकोरे छायादार जगहों पर रखे, दिन के सबसे गर्म समय में पशुओं की अधिक परिश्रम वाली गतिविधियां सीमित रखें।

**बैठक** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई

# दिशा की बैठक में सांसद कुमारी सैलजा ने ली अधिकारियों की क्लास

बैठक में उपायुक्त शांतनु शर्मा, विधायक भरत सिंह व शीशपाल केहरवाला मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद कुमारी सैलजा ने अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को गंभीरता से नहीं लिया जाता जबकि जनहित के मुद्दों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। सांसद सैलजा बुधवार को सिरसा में दिशा की बैठक को संबोधित कर रही थी। इस बैठक में उपायुक्त शांतनु शर्मा, विधायक भरत सिंह बैनीवाल, विधायक शीशपाल केहरवाला आदि मौजूद थे। सैलजा ने सिरसा में चतरगढ़पट्टी फाटक के पास रेलवे ओवरब्रिज, कोर्ट रोड और कंगनपुर रोड पर अंडरब्रिज बनाए जाने को लेकर क्या प्रगति है, कब तक निर्माण कार्य शुरू होगा और किस कारण से देरी हो रही है, को लेकर सवाल किये। सिरसा में वाशिंग लाइन बनाने को लेकर क्या प्रगति है जबकि सिरसा स्टेशन के पास रेलवे की पर्याप्त भूमि है, यहां पर वाशिंग लाइन बनने से लंबी दूरी की अनेक ट्रेनों का सिरसा तक संचालन हो सकेगा। सिरसा-भादरा के बीच नई रेल डाली जा सकती है और इस लाइन के डालने पर नोर्थ और साऊथ के बीच सीधा कोरिडोर बन जाएगा, इस क्षेत्र की जनता के लिए यह लाइन जरूरी है। इसे लेकर रेल मंत्रालय को लिखा गया है क्या?



**सिरसा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लेती सांसद कुमारी सैलजा।

### इन बिंदुओं पर भी की चर्चा

सांसद सैलजा ने कहा कि सिरसा जिला के गांव बाजेकां, खैरेकां और बुर्जभंगू के पास रेलवे लाइन पर अंडरब्रिज बनाए जा सकते हैं जो बहुत जरूरी है क्योंकि लोगों का लाइन के आर-पार जाना आसान हो जाएगा। डबवाली और हिसार के बीच नेशनल हाइवे-9 की मरम्मत जरूरी है खासकर उन स्थानों पर जहां पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र है, गांव साहुवाला प्रथम तो हाइवे के दोनों ओर बसा हुआ है वहां पर आए दिन हादसे होते रहते हैं और अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है वहां पर ओवरब्रिज या अंडर ब्रिज बनाया जा सकता है इसके साथ ही सुरक्षा जाली और सर्विस लेन बनाई जाए और स्ट्रीट लाइट का उचित प्रबंध किया जाए। हिसार और डबवाली के बीच सडक़ किनारे 61 करोड़ रुपये की लागत से 41 किलो मीटर नाले बनाए गए हैं जो बंद पड़े हैं या बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, उनकी मरम्मत करवाई जाए। सिरसा और फतेहाबाद शहर की एंट्री पर संकेतक लगाए जाए क्योंकि वहां पर कोई भी संकेतक न होने पर वाहन चालक गलत दिशा में चले जाते हैं, इस मार्ग पर आने वाले नए लोगों को काफी परेशानी होती है, जिस प्रकार हिसार शहर की एंट्री पर व्यवस्था की गई है ठीक वैसे ही सिरसा और फतेहाबाद की एंट्री पर भी की जाए। हिसार-डबवाली राजमार्ग पर जहां पर भी बड़े गांव आते है वहां पर ओवर ब्रिज या अंडर ब्रिज बनाए जाए खासकर डिंग, ओढां और चोरमार में इसकी बहुत जरूरत है।

### सांसद सुविधा केंद्र मेरा व्यक्तिगत कार्यालय नहीं

सांसद कुमारी सैलजा के लिए प्रशासन की ओर से शहीद भगत सिंह स्टेडियम परिसर में सांसद सुविधा केंद्र कार्यालय खोला गया है जहां पर सांसद के नाम ज्ञापन दिए जा सकते हैं या कोई समस्या हो तो लिखकर दी जा सकती है। एडीसी कार्यालय के अधिकारी अपने काम के लिए बुला लेते हैं और यहां तक कि कर्मचारी को तीन माह से वेतन तक नहीं दिया जा रहा है जिसे लेकर सांसद ने संबधित अधिकारी को जमकर लताड़ लगाई और हिदायत दी कि भविष्य में उक्त कर्मचारी को परेशान न किया जाए। सांसद सुविधा केंद्र उनका व्यक्तिगत कार्यालय नहीं है।





## डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. रणधीर सूद
चेयरमैन-गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी डिपार्टमेंट
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

हमारे पाचन तंत्र का 'पावर हाउस' है यकृत (लिवर या जिगर), जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकाल बाहर करने का माध्यम भी है। शरीर के इतने महत्वपूर्ण अंग के स्वास्थ्य को बरकरार रखना बहुत महत्वपूर्ण है। अगर आप यहां दिए जा रहे लक्षणों में से कुछ लक्षणों से पीड़ित हैं और आपको राहत नहीं मिल रही है, पेट की समस्या जारी है तो इस स्थिति में डॉक्टर से परामर्श करने में देर न करें।

### बीमार लिवर के कुछ सामान्य लक्षण

- खाने का मन ना करना, भूख धीरे-धीरे कम होते जाना।
- अकसर पेट में दर्द या ऐंठन महसूस होना।
- पेट में अकसर सूजन होना।
- सामान्य डाइट के बावजूद वजन का कम होते जाना।
- पैरों में सूजन होना।
- बिना किसी संक्रमण के अकसर बुखार होना।
- बगैर श्रम किए हमेशा थकावट महसूस करना।
- पीलिया (जॉण्डिस) के लक्षण दिखना जैसे आंखों, नाखूनों और त्वचा के रंग का पीला होना।
- जी मिचलाना और अकसर दस्त होना।

### लिवर की गंभीर बीमारियां

लिवर कैंसर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस और फैटी लिवर को प्रमुख बीमारियों में शुमार किया जाता है।

### बहुत खतरनाक है लिवर कैंसर

लिवर से संबंधित कोई भी बीमारी जो लंबे समय से जारी हो, वह लिवर कैंसर बन सकती है।

**कारण:** लिवर कैंसर होने के तीन प्रमुख कारण हैं- हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी। फैटी लिवर डिजीज। एल्कोहलिक लिवर डिजीज।

**रोकथाम:** अगर लिवर कैंसर का कारण हेपेटाइटिस बी है, तो इसकी रोकथाम के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर हेपेटाइटिस बी के कारण लिवर में संक्रमण है तो शुरुआती दौर में इसका इलाज संभव है। हेपेटाइटिस सी के लिए वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसका इलाज संभव है। अगर एल्कोहलिक लिवर डिजीज के कारण लिवर कैंसर पनप चुका है तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले शराब पीना बंद करना जरूरी है, क्योंकि यह समस्या काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने के कारण होती है।

**लिवर कैंसर का इलाज:** सबसे पहले यह पता लगाया जाता है कि लिवर कैंसर की अवस्था (स्टेज) क्या है। ऐसे कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी भी कर सकते हैं या फिर मरीज की स्थिति के मद्देनजर लिवर ट्रांसप्लांट भी किया जा सकता है। अगर कैंसर स्टेज 3 या 4 में है तो इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के जरिए इलाज किया जाता है।

### लिवर सिरोसिस

**कारण:** उपरोक्त वर्णित लिवर कैंसर के जो कारण हैं, वे लिवर सिरोसिस के संदर्भ में भी लागू होते हैं। यही बात लिवर सिरोसिस की रोकथाम के संदर्भ में भी लागू होती है।

**लक्षण:** खून की उल्टी होना, आंत में रक्तस्राव होना, पेट में पानी भरना लिवर सिरोसिस के कुछ प्रमुख लक्षण हैं। इसके अलावा मरीज का अतार्किक बातें करना, जिसे सहज भाषा में मरीज का 'गफलत में जाना' भी कहते हैं। मरीज बेहोश भी हो सकता है। इसके अलावा मरीज के रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर भी गिर जाता है।

**रोकथाम-इलाज:** मरीज का अतिशीघ्र शराब छोड़ना जरूरी है। इसके अलावा लिवर सिरोसिस की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति का इलाज उसकी शारीरिक स्थिति और लक्षणों के आधार पर किया जाता है। लिवर सिरोसिस को दवाओं से नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है।

स्पेशल: वर्ल्ड लिवर डे, 19 अप्रैल

मौजूदा दौर में अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत डाइट हैबिट के कारण लोगों में लिवर के रोगग्रस्त होने की आशंका बढ़ गई है। इससे कई तरह की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं, जिन्हें इग्नोर करना घातक हो सकता है। ऐसे में उन कारणों को समझना बहुत जरूरी है, जो लिवर को बीमार कर देते हैं। साथ ही इनसे बचने के उपाय और उपचार के बारे में भी जानिए।

# लिवर हेल्थ को कभी ना करें इग्नोर





### डाइट हैबिट से जुड़ा फैटी लिवर

अगर लिवर में 5% से ज्यादा वसा कोशिकाएं (फैट सेल्स) संचित हो जाती हैं तो इस स्थिति को फैटी लिवर डिजीज कहते हैं। फैटी लिवर का पता पेट के अल्ट्रासाउंड से लगता है। फैटी लीवर के दो प्रकार हैं- एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज और नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज। एल्कोहलिक फैटी लिवर काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने से होता है, जिसकी रोकथाम के लिए सबसे पहले शराब छोड़ना होता है। इसके बाद मरीज को दवाएं भी दी जाती हैं।

**लक्षण:** दोनों प्रकार की फैटी लिवर की समस्याओं में अकसर पेट से संबंधित तकलीफें महसूस होती हैं। जैसे पेट दर्द, दस्त होना, पेट फूलना, गैस बनना, बदहजमी, भूख कम लगना और कब्जियत आदि।

**अनहेल्दी लाइफस्टाइल का नतीजा:** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर के ज्यादातर मामले अनहेल्दी डाइट, नियमित रूप से व्यायाम या शारीरिक श्रम न करने और मोटापे के कारण बढ़ते हैं। जो लोग जंक फूड्स और अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार को प्रतिदिन या अकसर ग्रहण करते हैं, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का खतरा बहुत ज्यादा होता है। इन दिनों युवा वर्ग भी बड़े पैमाने पर नॉन एल्कोहोलिक फैटी लिवर समस्या से ग्रस्त हो रहा है। उनमें बढ़ती इस बीमारी का एक प्रमुख कारण फैटी फूड्स, फास्ट फूड और जंक फूड्स को अपने खान-पान में वरीयता देना है।

**इनको है ज्यादा रिस्क:** जो लोग मोटापे से ग्रस्त हैं या फिर जिनका बॉडी मास इंडेक्स 25 से ऊपर है, उनमें नॉन एल्कोहोलिक फैटी लिवर होने का खतरा ज्यादा होता है। मोटापे से ग्रस्त जिन लोगों के पेट पर शरीर के अन्य भागों की तुलना में कहीं ज्यादा चर्बी संचित होती है, उन्हें फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है। मधुमेह ग्रस्त लोगों को फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा रहता है। इसलिए ऐसे लोगों को ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखना चाहिए। जिन लोगों के रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर ज्यादा है, उनमें भी फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा होता है। इस संदर्भ में डॉक्टर से परामर्श लेकर लिपिड प्रोफाइल टेस्ट करवाएं।




**रोकथाम-इलाज:** फैटी फूड्स और जंक फूड्स से जहां तक संभव हो परहेज करें। शारीरिक स्थिति और उम्र के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करें। बेहतर रहेगा कि आप व्यायाम करने से पूर्व इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट और अपने डॉक्टर से परामर्श लें। जो लोग मोटापे के कारण फैटी लिवर की समस्या से ग्रस्त हैं, अगर वे अपने वजन को खान-पान और व्यायाम के जरिए 7 से 10% तक कम कर लेते हैं तो उन्हें काफी राहत मिल सकती है। अगर जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने के बाद भी वांछित परिणाम नहीं मिलते तो फैटी लिवर से छुटकारा पाने के लिए दवाएं दी जाती हैं।

### हेपेटाइटिस के प्रकार और लक्षण

लिवर में संक्रमण और सूजन की स्थिति को हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस वायरल संक्रमण है, जिसके पांच प्रमुख प्रकार हैं- हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, हेपेटाइटिस डी और हेपेटाइटिस ई।

**हेपेटाइटिस ए और ई:** इन दोनों का वायरस दूषित खाद्य पदार्थों और प्रदूषित पेयजल के जरिए व्यक्ति को संक्रमित करता है। इसलिए दोनों हेपेटाइटिस से बचाव के लिए स्वच्छ खाद्य पदार्थ ग्रहण करें और शुद्ध जल पिएं। इन दोनों हेपेटाइटिस में लगभग 1% मरीज गंभीर स्थिति में पहुंचते हैं। इन मर्जों से ग्रस्त लोगों का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। हेपेटाइटिस ए से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर समुचित इलाज नहीं कराया गया तो हेपेटाइटिस ई गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशुओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

**हेपेटाइटिस बी:** इससे बचाव के लिए टीका (वैक्सीन) उपलब्ध है। इसके अलावा कुछ दवाओं से इस मर्ज को नियंत्रित किया जा सकता है।

**हेपेटाइटिस सी:** इसके इलाज में दवाएं काफी हद तक कारगर हैं।

**हेपेटाइटिस डी:** जिन लोगों को हेपेटाइटिस बी का संक्रमण होता है, वही हेपेटाइटिस डी से ग्रस्त होते हैं। मरीज को लक्षणों के आधार पर इसका इलाज किया जाता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला



### इन बातों पर दें ध्यान

- डॉक्टर की सलाह के बगैर पेनकिलर्स या फिर एंटीबायोटिक्स लेना लिवर की सेहत के लिए नुकसानदेह है।
- एंटीडिप्रेसेंट मेडिसिंस (अवसादरोधी दवाएं) के भी लिवर पर साइड और आफ्टर इफेक्ट्स हो सकते हैं। इसलिए ऐसी दवाओं का सेवन मनोरोग विशेषज्ञ के परामर्श से करें।
- दिन भर विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए लगभग 3 से 5 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच की मात्रा भर) का सेवन किया जा सकता है। नमक का अधिक सेवन लिवर में सूजन के खतरे को बढ़ा देता है।
- ट्रांस फैट्स के सेवन से बचें। जब तेल में खाद्य पदार्थों को बार-बार तला जाता है तो ऐसे खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट्स की मात्रा बढ़ जाती है। ट्रांस फैट्स से निर्मित खाद्य पदार्थों में अतिरिक्त कैलोरीज होती हैं, जिससे वजन तेजी से बढ़ता है और ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से कालांतर में लिवर की कोशिकाओं पर वसा की परत संचित होने लगती है, जिससे लिवर में सूजन संभव है।
- अत्यधिक शुगर और 'कृत्रिम स्वीटनर्स' युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें, क्योंकि ये कालांतर में लिवर के लिए नुकसानदेह हैं।

### तब रहेगा लिवर हेल्दी



अपने लिवर को हेल्दी रखने के लिए यहां दिए जा रहे सुझावों पर अमल करें।

**वजन में करें 10% की कमी:** अगर मोटापे से ग्रस्त कोई व्यक्ति व्यायाम और कम कैलोरी युक्त खान-पान के जरिए अपने शरीर के वजन में लगभग 10% की कमी करने में सफल रहता है, तो वह लिवर से संबंधित बीमारियों से कुछ हद तक दूर रह सकता है। मोटापा आपके लिवर का शत्रु है। अपने बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को 25 से ऊपर न जाने दें, इस संदर्भ में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**लिपिड प्रोफाइल जांच:** समय-समय पर डॉक्टर के परामर्श से लिपिड प्रोफाइल जांच कराते रहें ताकि यह पता चल सके कि आपके रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर बढ़ा तो नहीं है। अगर ये स्तर बढ़ा है तो फिर डॉक्टर के परामर्श से दवाएं लें।

**शराब से दूरी:** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार शराब और अन्य मादक पदार्थ लिवर पर अपना बुरा प्रभाव छोड़ते हैं। इसलिए इनके सेवन से परहेज करें।

**ब्लड शुगर करें नियंत्रित:** जो लोग मधुमेह से ग्रस्त हैं, वे रक्त शर्करा स्तर (ब्लड शुगर लेवल) को डॉक्टर के परामर्श से नियंत्रित रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि बढ़ा हुआ शुगर लेवल फैटी लिवर और इससे संबंधित समस्याओं के जोखिम को बढ़ाता है। इसके अलावा स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें। इसके अंतर्गत आहार में मौसमी फलों, सब्जियों और साबुत अनाजों को वरीयता दें। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार प्रतिदिन 20 से 30 मिनट व्यायाम करें, योगासन करें या टहलें। जंक फूड्स, अत्यधिक चिकनाईयुक्त और मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए। शराब और अन्य मादक पदार्थों से परहेज करें। इसके अलावा असुरक्षित यौन संबंधों से बचें। सोयाबीन, अलसी, ब्रोकली, अखरोट, सीड्स और अंकुरित अनाजों को आहार में वरीयता देना लिवर के लिए लाभप्रद है। इन्हें अपनी डेली डाइट में शामिल करें। *

---

उपयोगी फल / राजकुमार 'दिनकर'

# स्वास्थ्य के लिए लाभकारी कोकम



कोकम का वानस्पतिक नाम गारनिया इंडिका है। मूल रूप से यह कोंकण इलाके का पेड़ है। इसके फल में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं। इसका व्यापारिक इस्तेमाल भी होता है। कोकम के फल गहरे जामुनी से लेकर काले रंग के होते हैं। इसका फल चिपचिपा और टेढ़े-मेढ़े किनारे वाला होता है। अकसर इसे आधा काटकर धूप में सुखाकर भारतीय रसोई में मसाले की तरह इस्तेमाल होता है। इसे आमसल कोकम या कोकाम भी कहा जाता है। महाराष्ट्रियन, कोंकण और गुजराती व्यंजनों में इसका काफी इस्तेमाल होता है। खट्टे-मीठे स्वाद वाले कोकम को इमली का अच्छा विकल्प माना जाता है।

**होते हैं कई गुण:** कोकम खाने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। जो लोग अकसर बीमार रहते हैं, उन्हें इसका नियमित सेवन करना चाहिए। यह एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेट्री गुणों से भरपूर होता है। यह रक्त में शुगर को कंट्रोल रखता है और दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। कोकम में विटामिन-बी कॉम्प्लेक्स, पोटेशियम, मैग्नीज और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी हार्ट बीट और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखते हैं। कोकम का सेवन न्यूरोनल विकास की क्रिया में मदद करता है, जिससे दिमागी शक्ति बढ़ती है, पॉजिटिविटी आती है।

**वजन घटाने में सहायक:** इसके फल को पानी में उबाल कर और छानकर पीने से वजन कम करने में काफी सहायता मिलती है। दस्त होने पर कोकम के फलों का चूर्ण ठंडे दूध में मिलाकर पीने से आराम मिलता है। इसे एसिडिटी के इलाज के लिए भी जाना जाता है।

**लू से बचाए:** गर्मी में कोकम का शर्बत पीने से लू से बचाव होता है। प्यास बुझाने वाला यह एक ऐसा शर्बत होता है, जिसकी तासीर ठंडी होती है।

**कैसे इस्तेमाल करें:** कोकम को इमली की तरह सूखे फल के रूप में इस्तेमाल में लाया जाता है। इसे इस्तेमाल करते समय इसके छिलके को काटा नहीं जाता, इसे साबूत ही सुखाया जाता है। सुखाने के दौरान इनमें धूल मिट्टी चली जाती है, इसलिए इसे संग्रहित करते समय अच्छी तरह साफ करके रखना चाहिए। *

---

न्यू ट्रीटमेंट

रजनी अरोड़ा

हाल में एक अमेरिकन कंपनी ने मोटापा नियंत्रित करने के लिए मुंजारो दवा लॉन्च की है। यह कैसे काम करती है, कितनी कारगर है और इसके क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं, इस बारे में जानिए।

# ओबेसिटी दूर करने में हेल्पफुल मुंजारो




मोटापा या ओबेसिटी आज दुनिया भर में महामारी का रूप लेता जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार मोटापा, डायबिटीज, कैंसर, लिवर डिजीज, हाइपरटेंशन, हृदय रोग, डिप्रेशन, स्लीप एपनिया जैसी कई गंभीर बीमारियों की वजह होने के साथ असमय होने वाली मौत के कारकों में दूसरा बड़ा कारण भी है। भारत की बात करें तो करीब 7-8 करोड़ लोग गंभीर मोटापे से ग्रस्त हैं। 'लैंसेट' की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक वयस्क आबादी में 9.8 प्रतिशत महिलाएं और 5.4 प्रतिशत पुरुष मोटापे का शिकार हैं। तकरीबन 8 करोड़ लोग गंभीर मोटापे का शिकार हैं, जिनमें 1.25 करोड़ बच्चे हैं, जिनका बीएमआई इंडेक्स रेट 30 या अधिक है। जबकि 18-25 बीएमआई वाला व्यक्ति हेल्दी की श्रेणी में आता है। हालांकि ओबेसिटी को दूर करने के लिए दुनिया भर में कई तरीके अपनाए जाते हैं। बेरियाट्रिक सर्जरी के अलावा रैस्मीटोरॉन, स्मैलेग्लूटाइड जैसी ड्रग्स पहले से ही प्रचलन में हैं। पिछले महीने एक अमेरिकी कंपनी ने मुंजारो या टिरजेप्टाइड इंजेक्शन लॉन्च किया। इसके ट्रायल में काफी सफलता मिली है।

**कैसे दी जाती है दवा:** ओबेसिटी से ग्रस्त व्यक्ति को मुंजारो का इंजेक्शन सप्ताह में एक बार दिया जाता है। व्यक्ति पेट, बांह या पैर पर यह इंजेक्शन लगवा सकता है।

**कैसे करता है असर:** हमारे ब्रेन के स्टेटाइटी सेंटर में दो तरह के हार्मोन निकलते हैं- जीएलपी वन (ग्लूकोगन लाइक पेप्टाइड वन) और जीआईपी (ग्लूकोज डिपेंडेंट इंसुलिनोट्रोपिक पॉलिपेप्टाइड)। ये हार्मोन हमें पेट भरने का अहसास दिलाते हैं, जिससे हम खाना बंद कर देते हैं। मुंजारो दवाई इन हार्मोन के रिसेप्टर पर काम करके अर्ली स्टेटाइटी की फीलिंग कराती है। यानी थोड़ा खाना खाने के बाद ही व्यक्ति को पेट भरे होने का अहसास होता है और उसका कैलोरी इनटेक कम हो जाता है। यह खाना डाइजेस्ट करने या पेट की मूवमेंट की रफ्तार को कम कर देता है। यानी डाइजेशन प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिससे खाना व्यक्ति के पेट में ज्यादा लंबे समय तक रहता है। भूख कम लगने से व्यक्ति कम खाता है, जिससे शरीर में शुगर लेवल और मोटापा कम बढ़ता है।

सामान्य तौर पर हमारे दिमाग से ऐसे हार्मोन निकलते हैं, जिनसे भूख भी लगती है और पेट भरा रहता है। यह दवाई भूख लगने वाले हंगरी हार्मोंस को कम करता है। साथ ही पेट भरे होने का अहसास दिलाने वाले हार्मोन बढ़ाता है। इससे व्यक्ति को भूख नहीं लगती और वह खाना कम खाता है। यह दवा, पेनक्रियाज ग्लैंड्स के अल्फा-बीटा सेल्स को रिलैक्स करती है, जिससे वो ज्यादा अच्छे तरीके से काम करते हैं।

**किन्हें हो सकता है नुकसान:** ओबेसिटी के शिकार व्यक्ति को डॉक्टर से परामर्श के उपरांत ही मुंजारो इंजेक्शन लेना चाहिए। टाइप-1 डायबिटीज थाइरायॅड कैंसर, मल्टीपल एंडोक्राइन नियोप्लाजिया सिंड्रोम जैसी बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति को मुंजारो इंजेक्शन नहीं लेना चाहिए।

**हो सकते हैं साइड इफेक्ट्स:** हालांकि ओबेसिटी कम करने वाली दवा कारगर साबित हो रही है। लेकिन इनके शरीर पर कुछ प्रभाव भी पड़ते हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है कि फैट के साथ शरीर का मसल्स-मास कम हो जाता है, जिससे व्यक्ति कमजोरी, थकान महसूस करता है। इसके अलावा मुंजारो दवाई लेने पर शुरू में व्यक्ति को पेट दर्द, गैस बनना, उल्टियां आना, घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। जिसके लिए हल्का सुपाच्य खाना खाने, ओवरइटिंग न करने की सलाह दी जाती है। धीरे-धीरे शरीर को आदत होने पर साइड इफेक्ट कम हो जाते हैं। पेशेंट आहार में फाइबर, प्रोटीन और विटामिन रिच खाना ले सकता है।

**वेट ऐसे रहेगा मेंटेन:** वजन कम करने के लिए सिर्फ मुंजारो पर निर्भर रहना सही नहीं है। इसके साथ व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनानी भी जरूरी है। जिसमें संतुलित और पौष्टिक आहार लेने के साथ नियमित व्यायाम करना बहुत जरूरी है। ताकि दवाई बंद करने के बाद वजन दोबारा न बढ़े। *

**(साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ एंडोक्राइन सोसाइटी, इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)**

---

आप हेल्थ कॉन्शस हैं तो योगाभ्यास रेग्युलर करते ही होंगे। लेकिन योगाभ्यास आप आराम से कर सकें और इसका सही लाभ आपको मिले, इसके लिए आपको सही योगा मैट का यूज करना चाहिए। कैसा हो आपका योगा मैट, जानिए।

# योगासन के लिए कैसा हो आपका योगा मैट

सजेशन

राजकुमार



आजकल योग का क्रेज पूरी दुनिया में छाया हुआ है। वर्किंग हो या नॉन वर्किंग किसी भी आयुवर्ग के लोग योग के स्वास्थ्य लाभों को देखते हुए इसे सहजता से अपना रहे हैं। अब आप योगासन सीखने की शुरुआत कर रहे हैं या सालों से इसे कर रहे हैं, तो योगा मैट का इस्तेमाल तो करते ही होंगे। योगा मैट इसलिए जरूरी है, क्योंकि योगासन करने के दौरान बैठने या लेटने के लिए हमें किसी ऐसी मैट की जरूरत होती है, जिससे हमारे जोड़ों पर दबाव न पड़ें, शरीर की जमीन पर पकड़ स्थिर रहें। योगा मैट के जरिए यह सब संभव है। अब सवाल है योगा मैट खरीदते समय किन बातों का ख्याल रखें?

**क्वालिटी हो सही:** बाजार में सस्ते या कहें लो क्वालिटी के योगा मैट भी उपलब्ध हैं, लेकिन हमें उसकी गुणवत्ता देखकर खरीदना चाहिए, क्योंकि आम सी दिखने वाली योगा मैट पर लगातार पैरों और शरीर का दबाव पड़ने से यह खराब हो जाती है। अच्छी क्वालिटी की योगा मैट कंफर्टेबल और अच्छी पकड़ देती है। इसका स्पंज हमारे शरीर के दबाव को संतुलित करता है और इसकी मोटाई एक आरामदायक वर्कआउट सुनिश्चित करती है, क्योंकि इससे हमें सही कुशनिंग मिलती है। आजकल ये योगा मैट अलग-अलग तरह की लंबाई, चौड़ाई और मोटाई में उपलब्ध होते हैं। हमें अपनी बॉडी के आकार के अनुरूप ही योगा मैट का चयन करना चाहिए। इसकी मोटाई भी हमारे शरीर के वजन के लिए परफेक्ट होनी चाहिए।

**मैट की मोटाई:** योगा मैट की पकड़ भी एक अहम गुण है। योगासन करते समय जब हम उस पर खड़े होते हैं तो पैरों पर उसकी पकड़ मजबूत होनी चाहिए। योगासन करते समय वह इधर-उधर फिसलना नहीं चाहिए। यह उसकी मोटाई पर निर्भर करती है। इसकी मोटाई जितनी ज्यादा होगी, हथेलियों, घुटनों और पैरों को उतनी ही बेहतर कुशनिंग मिलेगी। योगासन के द्वारा शरीर के इन अंगों पर ज्यादा दबाव डलने के कारण इनमें चोट न लगे, इसलिए मोटी योगा मैट का चुनाव करना चाहिए। योगासन के लिए मैट की मोटाई 1/8 से 1/2 इंच, पाइलेट्स के लिए 1/2 इंच मोटी और नॉर्मल एक्सरसाइज के लिए 1/2 इंच से 2 इंच मोटी होनी चाहिए।



**मैटीरियल हो अच्छा:** कुछ मैट दिखने में आकर्षक होने के साथ-साथ सस्ते भी होते हैं। लेकिन सस्ते होने के कारण इनका मैटीरियल भी हल्का होता है। बिछाने के बाद ये बार-बार मुड़ते रहते हैं, जिससे आप एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं, इसलिए ऐसा मैट खरीदने से बचें। वर्कआउट करते समय हम अपना अधिकांश समय योगा मैट पर ही गुजारते हैं। इसलिए हल्के रंगों की बजाय गहरे रंग का चयन करें। इसकी बनावट अगर ज्यादा खुरदरी होती है तो वह असुविधाजनक लगती है। इसका स्पंज ऐसा होना चाहिए, जो आपकी बॉडी की पकड़ के अनुकूल हो। पीवीसी मैट स्पंजीनेस के लिए और कॉर्क जैसे कठोर योगा मैट का भी चयन कर सकते हैं।

**करते रहें सफाई:** योगा मैट पर योग करने के दौरान शरीर से लगातार पसीना निकलता है, जिसके कारण यह चिकने और गंदे हो जाते हैं। अगर इसे साफ न रखा जाए तो इससे बैक्टीरियल इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए योगा मैट की रेग्युलर सफाई रखें। *

## खबर संक्षेप

### खेतों से कंट्रोलर चुराने का एक आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** थाना सदर टोहाना पुलिस ने गांव हंसवाला में कई खेतों से सोलर कंट्रोलर चुराने के मामले में कार्यवाही करते हुए एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सुलतान पुत्र अलीशेर निवासी हंसावाला के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी एसआई शादीराम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 21 अगस्त 2024 को गांव हंसावाला निवासी बलिन्द्र की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका गाजूवाला रोड पर खेत है। रात को अज्ञात चोर उसके खेत में घुस गया और वहां से बिजली सोलर का कंट्रोलर चोरी कर ले गया है। इसके अलावा चोरों ने उसके खेत के पड़ोसी कमला निवासी गाजूवाला, बलविन्द्र निवासी हंसावाला के खेतों से भी सोलर का कंट्रोलर चोरी कर ले गए हैं। इस मामले में सदर टोहाना पुलिस ने केस दर्ज किया और आरोपी युवक को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

### सिरसा के चार किसान पहुंचे तमिलनाडु

**सिरसा।** अखिल भारतीय किसान सभा का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन तमिलनाडु स्थित नागापट्टनम में आयोजित किया गया, जिसमें 22 राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में 22 राज्यों से 635 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसमें सिरसा जिले से चार किसानों डॉ. सुखदेव सिंह जम्मू, इकबाल सिंह, भजनलाल व छिंद्रपाल ने भाग लिया। सम्मेलन बारे डॉ. सुखदेव सिंह जम्मू ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से आए किसान नेताओं ने मिलकर विचार किया कि किसानों की समस्याओं को लेकर जारी आंदोलन को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए, ताकि किसानों को उनका बनता हक दिलाया जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार लंबे समय से किसानों द्वारा अपनी मांगों को लेकर किए जा रहे आंदोलन को लेकर संजीदगी नहीं दिखा रही।

## सांसद बराला ने नागरिकों की समस्याओं को सुना, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

# सांसद ने अंदोरा अंबाला मेमू ट्रेन का टोहाना व जमालपुर शेखां पर ठहराव के लिए लिखा पत्र

- टोहाना स्टेशन पर ठहराव से क्षेत्र के दैनिक यात्रिओं को सुविधा मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने टोहाना क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रेल मंत्रालय को पत्र लिखा है। उन्होंने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर अंदोरा अंबाला मेमू ट्रेन का ठहराव टोहाना स्टेशन और जमालपुर शेखां स्टेशन पर दैनिक यात्रियों की सुविधा के लिए अनुरोध किया है।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बुधवार को अपने फार्म हाउस पर नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



**फतेहाबाद।** नागरिकों की समस्याएं सुनते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बताया कि हरियाणा प्रदेश के दैनिक यात्रियों की सुविधा के लिए हिसार से चंडीगढ़ के लिए सीधी रेलसेवा की मांग पर उत्तर रेलवे द्वारा अंदोरा अंबाला मेमू रेलसेवा का विस्तार का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को मंजूरी के लिए भेजा गया है। इस ट्रेन के माध्यम से हरियाणा का बहुत बड़ा हिस्सा प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ और धार्मिक नगरी कुरुक्षेत्र से जुड़ जायेगा।

उत्तर रेलवे के अनुसार इस ट्रेन का विस्तार अंबाला से वाया कुरुक्षेत्र कैथल नरवाना और टोहाना स्टेशन से होकर जाना प्रस्तावित है परन्तु इस ट्रेन का ठहराव टोहाना स्टेशन और जमालपुर शेखां स्टेशन पर नहीं दिखाया गया है। यदि अंदोरा अंबाला मेमू ट्रैन, टोहाना व जमालपुर शेखां स्टेशनों पर इसका ठहराव होता है तो इससे क्षेत्र के दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों और आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। टोहाना स्टेशन पर ठहराव से क्षेत्र के दैनिक यात्रिओं को सुविधा मिलेगी और छात्रों को पढाई के लिए कुरुक्षेत्र, अंबाला और चंडीगढ़ आना जाना सुविधाजनक हो जाएगा। उन्होंने आशा जताई कि रेलमंत्री इस जनहित के मुद्दे पर सकारात्मक संज्ञान लेकर जल्द से जल्द आवश्यक कार्यवाही करेंगे।



**फतेहाबाद।** बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा।

## 25 को धूमधाम से किया जाएगा साइक्लोथॉन यात्रा का स्वागत : जोड़ा

- 26 अप्रैल को यह यात्रा फतेहाबाद से सिरसा के लिए प्रस्थान करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भूना रोड स्थित बीजेपी कार्यालय में आज जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा की अध्यक्षता में कार्यकर्ता मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में प्रवीण जोड़ा ने कार्यकर्ताओं को ड्रग फ्री हरियाणा के तहत भाजपा द्वारा निकाली जा रही साइक्लोथॉन यात्रा का 25 अप्रैल को फतेहाबाद आगमन की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। जोड़ा ने बताया कि फतेहाबाद विधानसा में इस यात्रा का धूमधाम से स्वागत किया जाएगा। इसके चलते आज कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि 5 अप्रैल को सीएम नायब सिंह सैनी ने हिसार से ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश देती साइक्लोथॉन यात्रा का शुभारंभ किया था। इसी के तहत यह यात्रा 25 अप्रैल को बरवाला से फतेहाबाद में प्रवेश करेगी। 25 अप्रैल की संध्या को रात्रि ठहराव फतेहाबाद में होगा, वहीं 26 अप्रैल को यह यात्रा फतेहाबाद से सिरसा के लिए प्रस्थान करेगी।

### ये रहे मौजूद

बैठक में प्रदेश सह संयोजक शनि नारा, जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य, महामंत्री अशोक जाखड़, उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, यात्रा के जिला संयोजक अरुण शेट्टी, सहसंयोजक आर्यन ग्रोवर व विकास लालोदा, विक्रम शर्मा, बनवारी लाल, विकास शर्मा ,विजय जांगड़ा, बिट्टू गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस नेताओं पर ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

## भाजपा द्वेष भावना से कांग्रेस नेताओं पर कर रही कार्रवाई: सैलजा

- शहर के डाकघर के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित अन्य नेताओं के खिलाफ ईडी द्वारा कार्रवाई करने के विरोध में बुधवार को शहर के डाकघर के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि बीजेपी द्वारा द्वेष भावना से कांग्रेस नेताओं पर कार्रवाई की जा रही है।

भाजपा सरकार तानाशाही अपनाते हुए हमारे नेताओं के साथ जोर जबरदस्ती करते हुए ईडी का दुरुपयोग कर सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट की है। लेकिन हम पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के नेतृत्व में पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल सोनिया गांधी व राहुल गांधी की अकेले की नहीं है बल्कि यह लड़ाई है सच्चाई और झूठ की, तानाशाह की, आम लोगों की, लोकतंत्र की, बेरोजगार युवा की, गरीब की, छोटे व्यापारी की, मजदूर की, किसान की। हर एक की लड़ाई राहुल गांधी इस लड़ाई को लड़ रहे हैं और हम चट्टान की तरह उनके साथ खड़े होकर इस लड़ाई में जीत हासिल करेंगे।सैलजा ने कहा कि भाजपा राजनीतिक प्रतिशोध से इस प्रकार की कार्रवाई करके राहुल गांधी की आवाज को दबाने चाहती है। भाजपा नकारात्मक भावना से ऐसे कार्य कर रहे हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कालांवाली के विधायक शिशपाल केहरवाला, ऐलनाबाद के विधायक भरत सिंह बैनीवाल, फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता व रेलवे सलाहकार समिति सदस्य संदीप नेहरा, वीरभान मेहता, नवीन केडिया, राजेश चाडीवाल, संदीप नेहरा, कृष्णा फौगाट, निर्मला भारद्वाज, जगा सिंह बराड़, प्रेम शर्मा, रत्न गैदर, राम कुमार खैरेकां, राम चंद्र लिंबा, गजानंद सोनी, बूटा सिंह थिंद, भजन गुडिया आदि मौजूद रहे।

# राजकीय स्कूल बप्पां में साइबर क्राइम पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

राजकीय विद्यालय बप्पां में बुधवार को साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन जिला विधिक प्राधिकरण, सिरसा के सौजन्य से किया गया, जिसमें पैनल एडवोकेट्स हिमांशु मेहता और एस. गिल ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। पेरा लीगल वॉलंटियर नरेश कुमार ग्रोवर ने अपने विचार सांझा करते हुए बताया कि किस प्रकार जन-जन तक न्याय पहुंचाने के लिए इस मुहिम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। कार्यशाला में विशेष रूप से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को साइबर क्राइम से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। नरेश ग्रोवर ने कहा कि आज के समय में इंटरनेट का उपयोग तो कम हो रहा है, लेकिन उसका दुरुपयोग अत्यधिक बढ़ गया है। इसका परिणाम यह है कि अनेक लोग ठगी और धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने बच्चों को बताया कि कैसे साइबर अपराधी सोशल मीडिया, ईमेल, कॉल और अन्य माध्यमों से जाल बिछाते हैं और लोग अनजाने में अपना ओटीपी, पिन कोड, पासवर्ड जैसी संवेदनशील जानकारी साझा कर देते हैं। कार्यशाला में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के लिए अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी दी।



**सिरसा।** कार्यशाला में विद्यार्थियों को शपथ दिलवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# रोटरी क्लब की कोर कमेटी ने किया विमर्श

- विष्णु सिंगला के नेतृत्व में बैठक का आयोजन
- गुरुग्राम के ली मेरीडियन में होने वाले पैटसैट कार्यक्रम को लेकर मंथन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

गुरुग्राम में आगामी 3 व 4 मई को होने वाले पैटसैट (प्रशिक्षण) कार्यक्रम को लेकर बुधवार को रोटरी क्लब सिरसा सीनियर के अध्यक्ष विष्णु सिंगला के नेतृत्व में उनके कार्यालय में क्लब की कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भूपेश मेहता ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में क्लब की कोर कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया जिसमें सुरेश गोयल, देवेंद्र मिगलानी, राजेश खट्टर, डॉ. सुभाष नरूला, डॉ. विद्यासागर बंसल, मुनीष मेहता, सुरेश पाहुजा व अधिवक्ता लखविंद्र सिंह थिंद मौजूद थे। बैठक में सभी ने गुरुग्राम में रोटरी क्लब सिरसा सीनियर की मेजबानी में आगामी 3 व 4 मई को गुरुग्राम के ली मेरीडियन में होने वाले पैटसैट कार्यक्रम को लेकर मंथन किया और इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर जहां योजना को मूर्त रूप दिया वहीं इसके लिए क्लब के कर्मठ सहयोगियों की ड्यूटियां भी लगाई। क्लब अध्यक्ष विष्णु सिंगला ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के लिए चेयरमैन के तौर पर देवेंद्र मिगलानी व को चेयरमैन की भूमिका अनिल कामरा को सौंपी गई है। क्लब अध्यक्ष विष्णु सिंगला ने कहा कि उपरोक्त दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आगामी 1 जुलाई 2025 से हरियाणा, पंजाब व राजस्थान में कार्य करने वाले रोटरी क्लबों के नवचयनित अध्यक्षों व सचिवों को कामकाज संबंधी प्रशिक्षण, क्लब के निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति व सामाजिक सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा और प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे भूपेश मेहता ने बताया कि क्लब के इस वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाजपा नेता मनजिंद्र सिंह सिरसा सहित अनेक दिग्गज नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है।

### कसौली में रीजन चेयरमैन रवि अरोड़ा के नेतृत्व में कांफ्रेंस संपन्न

# अभिषेक 2024-25 रीजन कांफ्रेंस का हुआ सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

कसौली में रीजन चेयरमैन रवि अरोड़ा के नेतृत्व में कांफ्रेंस संपन्न हुई। इस कांफ्रेंस में 11 क्लब्स के 61 सदस्य उपस्थित रहे। चेयरमैन अनिल कामरा की देखरेख एवं को चेयरमैन जगसीर मालवा के संयोजन में आयोजित इस कांफ्रेंस में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधा कामरा, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विशाल वढेरा, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एसपी गोयल व राजीव अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी अमित गगनेजा, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट ट्रेजरार मुकेश कामरा, रीजन-9 की चेयरपर्सन उमा बंसल, जोन चेयरमैन राकेश बजाज, डिस्ट्रिक्ट एलसीआईएफ कॉर्डिनेटर दिनेश जैन, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर (महिला सशक्तिकरण) भावना गगनेजा सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद थे। डिस्ट्रिक्ट टीम ने कांफ्रेंस चेयरमैन अनिल कामरा तथा को चेयरमैन जगसीर मालवा को मल्टीपल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। रवि अरोड़ा को इंटरनेशनल पिन से सम्मानित कर कांफ्रेंस के सुंदर आयोजन के लिए बधाई दी। रीजन सेक्रेटरी सतपाल जोत को लायंस पोर्टल पर रिपोर्टिंग में मल्टीपल रीजंस को सहयोग व सपोर्ट करने के लिए इंटरनेशनल पोर्टल पिन से सम्मानित किया। रीजन चेयरमैन रवि अरोड़ा ने रीजन में उत्कृष्ट सेवा के लिए अमित गगनेजा को लायन ऑफ द ईयर, लायन सतपाल जोत को पिलर ऑफ द रीजन तथा नीरज मेहता को जैम ऑफ द रीजन के अवॉर्ड से सम्मानित किया। बैसाखी के अवसर पर पंजाबी सभ्याचारक कार्यक्रम का सभी ने आनंद लिया तथा खूब सराहा। इस अवसर पर हरी नागपाल की कोरियाग्राफी ने सभी का मन मोह लिया।



**सिरसा।** कांफ्रेंस में उपस्थित क्लब सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला दो बच्चों संग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हांसी।** गांव महेंदा से एक महिला के अपने दो बच्चों के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई महिला घर में रखे आभूषण व नकदी भी अपने साथ ले गई है। महिला का पति शाम को घर लौटा तो महिला व उसके बच्चे घर नहीं मिले जिसके बाद पति ने सोरखी पुलिस चौकी पर पत्नी व बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने महेंदा निवासी 33 वर्षीय अमित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर महिला की तलाश आरंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अमित कुमार ने बताया कि उसकी 30 वर्षीय पत्नी स्वाति घर में पार्लर चलाती थी। वह मंगलवार दोपहर को अपने दोनों बच्चों 9 साल का बेटा कुणाल और 4 साल की बेटी ईशानी को साथ लेकर घरेलू व पार्लर का सामान लेने के लिए हांसी गई थी। अमित ने बताया कि कुणाल तीसरी कक्षा में पढ़ता है जबकि ईशानी पहली कक्षा में पढ़ रही है। अमित ने बताया कि वह मंगलवार को किसी काम से गांव से बाहर गया हुआ था। और जब वह शाम को घर लौटा तो उसकी पत्नी और बच्चे घर पर नहीं मिले। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी जब वे नहीं लौटे तो उसने आसपास पत्नी व बच्चों को तलाश किया। लेकिन उनका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। अमित ने बताया कि उसने जब अपनी पत्नी स्वाती को फोन मिलाया तो वह बंद मिला। अमित ने बताया कि स्वाति अपने साथ मंगलसूत्र, कानों के झुमके और लगभग 25 हजार रुपये की नकदी अपने साथ ले गई है। अमित के अनुसार पति-पत्नी के बीच किसी तरह का कोई झगड़ा भी नहीं हुआ था। बास थाना पुलिस ने महिला और बच्चों की गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश आरंभ कर दी है।

# समाजसेवी चंद्रशेखर ने सांसद को लिखा पत्र

- फीस बढ़ौतरी एवं स्टेशनरी उन्हीं स्कूलों में स्थापित दुकानों से खरीदने की बाध्यता के मामले को संसद में उठाने की मांग
- नई पुस्तकों को खरीदने का भार भी अभिभावकों की जेबों पर भी आता : चंद्रशेखर सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

समाजसेवी चंद्रशेखर सोनी ने सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा को पत्र लिखकर निजी स्कूलों की ओर से फीस बढ़ौतरी एवं स्टेशनरी उन्हीं स्कूलों में स्थापित दुकानों से खरीदने की बाध्यता के मामले को संसद में पुरजोर तरीके से उठाने की मांग की है।

बुधवार को सांसद कुमारी सैलजा को लिखे अपने पत्र में चंद्रशेखर सोनी ने कहा कि भाजपा शासन एक ओर निजी स्कूलों पर ड्रेस, स्टेशनरी व फीस बढ़ौतरी के मामलों में उचित लगाम लगाने का आश्वासन देती है मगर वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है।

उन्होंने कहा कि एक ओर शासन जहां शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे मूल मुद्दों पर फोकस करने का जिक्र करती है, वास्तव में इन्हीं दोनों क्षेत्रों में आम आदमी को मार पड़ रही है। जहां निजी स्कूल संचालकों की ओर से निरंतर फीस बढ़ौतरी की जा रही है वहीं प्रत्येक वर्ष नई पुस्तकों को खरीदने का भार भी अभिभावकों की जेबों पर भी आता है। साथ ही अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी के चलते आमजन को निजी अस्पतालों का रूख करना पड़ता है जो बहुत महंगा साबित होता है।

उन्होंने सांसद को लिखा है कि भाजपा शासन में ही शिक्षा के विकास के लिए किए गए प्रयास तब बौने नजर आते हैं जब आंकड़ा यह बताता है कि 34 हजार बच्चे राजकीय स्कूलों से रूखसत हो चुके हैं और निजी स्कूलों का आंकड़ा सरकार के पास मौजूद नहीं है। उन्होंने सांसद कुमारी सैलजा से प्रतिवर्ष अभिभावकों के लिए निजी स्कूलों की ओर से शिक्षा को व्यवसायिक दृष्टि से परोसने के मामले को अति गंभीर मानकर इसे संसद में पुरजोर उठाने की मांग की है।

# विदेश भेजने के नाम पर व्यक्ति से 7.30 लाख रुपये की ठगी

- पुलिस ने मामला दर्ज कर जाच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला के गांव रघुआना निवासी व्यक्ति के साथ विदेश भेजने के नाम पर 7.30 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस को दी शिकायत में गांव रघुआना निवासी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि गुरप्रीत सिंह निवासी गांव कालांवाली लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। उसे भी विदेश जाना था, जिस पर उसने गुरप्रीत सिंह से संपर्क किया। उसने विदेश भेजने की एवज में 15 लाख रूपए की राशि की मांग की और कहा कि उक्त राशि में से 7.30 लाख रुपए की राशि तुम्हें पहले देनी होगी और बाकी राशि जब तुम्हारी बाहर जाने के लिए टिकट कन्फर्म होकर आ जाएगी, तब दे देना। इस पर वह सहमत हो गया और उसने बाहर जाने की एवज में गुरप्रीत को 15 लाख रूपए देने के लिए हामी भर दी। डेढ़ लाख रूपए की राशि उसने अपने साले गुरजीत सिंह से गुरप्रीत के कहे अनुसार 25 अक्तूबर 2022 को ऑनलाइन डलवा दी और बाकी 5 लाख 80000 रूपए की राशि दो अलग-अलग किश्तों में गुरप्रीत की माता, बहन व एक अन्य व्यक्ति को नकद अदा कर दी। इसके बाद मैं अपने साथ गुरनाम सिंह निवासी गांव रघुआना तहसील कालांवाली जिला सिरसा को लेकर गुरप्रीत के कहे अनुसार तहसील कार्यालय कालांवाली चला गया, जहां पर विश्वास में लेकर प्रार्थी के गुरनाम सिंह के सामने उन कागजात पर हस्ताक्षर करवा लिए और इसके बाद कहने लगा कि आप चले जाओ मैं जल्द ही आपके खाते में राशि ऑनलाइन माध्यम से डलवा दूंगा। जब 15-20 दिन तक भी उसके खाते में राशि वापिस नहीं आई तो उसने आरोपी से अपने पैसों की मांग की, जिस पर पहले तो वह आनाकानी करता रहा। कुछ समय पहले इस बाबत गुरप्रीत सिंह के मित्र के घर कालांवाली में पंचायत हुई, जिसमें गुरप्रीत सिंह ने कहा कि मेरी मंशा ठगी की थी। इसके बाद उसने पुलिस को इस संबंध में शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की। दी है।

**निर्देश** बैंक अधिकारियों को दिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश

### पुलिस अधीक्षक ने बैंक के अंदर व बाहर पुलिस विभाग के महत्वपूर्ण नंबरों की सूची लगवाने के भी निर्देश दिए

# सीसीटीवी का डाटा क्लाउड स्टोरेज में करें सेव: सिद्धांत जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत ने बैंक अधिकारियों की बैठक लेकर उनको सुरक्षा संबंधी पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बैंक अधिकारियों को एटीएम परिसर, कैश वैन की सुरक्षा के इंतजामों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि बैंक के अंदर व बाहर पुलिस विभाग के महत्वपूर्ण नंबरों की सूची लगवाएं।

उन्होने कहा कि उनके अधीन आने वाले सीएससी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बैंक में हाई रेज्युलेशन के कैमरे लगवाएं जिसमें ज्यादा से ज्यादा दिनों की रिकॉर्डिंग सेव रहे। कम से कम 90 दिन का बैकअप रखें। कैमरों को ऐसी जगह स्थापित करें कि वारदात करने वाले उसे निकाल न सके। डाटा संग्रहण के लिए क्लाउड स्टोरेज का इस्तेमाल करें ताकि डाटा चोरी की घटनाओं को खत्म किया जा सके। कैमरों की फुटेज साफ होगी तो अपराधियों की पहचान करने तथा उनको पकडऩे मे आसानी होगी। उन्होंने कहा कि बैंकों में होने वाली आपराधिक वारदातों को रोकने के लिए बैंक संचालकों का सहयोग बेहद जरूरी है। बैंक में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं।



**सिरसा।** पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी सिद्धांत जैन। *फोटो : हरिभूमि*

उन्होंने बैंक अधिकारियों से अनुरोध किया कि बैंक के गार्ड बारे सम्पूर्ण जानकारी नजदीकी थाने में अवश्य दें ताकि जरूरत के समय आपस में संपर्क हो सके। जिन एटीएम पर गार्ड नहीं है उन पर रात को ताला लगाया जाए। बिना पूर्ण सत्यापित कागजात के कोई भी खाता न खोले। इसके अलावा बैंकों में सुरक्षा मानकों की समय-समय पर जांच अवश्य करवाएं। कैश को लाने ले जाने में सुरक्षा के सभी मानकों की पालना करें। ज्यादा कैश साथ ले जाते समय पुलिस कंट्रोल रूम में सूचित करें ताकि सुरक्षा व्यवस्था समय पर उपलब्ध करवाई जा सके। बैंक अधिकारियों से कहा कि निर्धारित किये समय अनुसार ही एटीएम मशीन में कैश लोड करें। बैंकों का अलार्म सिस्टम दुरूस्त हो व जहां कैश रखा जाता है, वहां सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हों। किसी वृद्ध के साथ कोई व्यक्ति पैसे निकलवाने आता है तो उसकी जांच करें। अगर कोई व्यक्ति बिना कारण के बैंक में या आसपास अगर नजर आता है तो तुरंत इस बारे पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़ा काबू

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर चैक बाउंस के मामले में वांछित भगौड़े को गांव झोरडन्नाली क्षेत्र से काबू किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर रामकुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजेंद्र कुमार पुत्र रामचंद निवासी हाउस नंबर 258, ढाणी जम्मू राम वाली गांव झोरडन्नाली जिला सिरसा के रुप में हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### 10,390 रुपये की सट्टा राशि सहित 6 लोग काबू

**सिरसा।** पुलिस टीमों ने गश्त व चैकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए अलग-अलग जगहों पर दबिश देते हुए 6 लोगों को काबू कर उनके कब्जा से 10,390 रुपए की जुआ व सट्टाराशि बरामद की है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि सीआईए की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान शहर कीर्ति नगर क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करने वाले एक व्यक्ति को काबू कर लिया गया।

### पक्षियों के लिए कसोरे जरूर रखें: डॉ. गोदारा

**सिरसा।** वेटरनरी सर्जन डॉ. सुभाष गोदारा ने गर्मियों के मौसम को देखते हुए कहा कि गला सबका सूखता है, प्यास सभी को लगती है। इस भीषण गर्मी में पशु पक्षियों के लिए आप अपने घरों में शीतल जल के कसोरे जरूर रखें और जल में कोई भी इलेक्ट्रोलाइट या गुड़ मिलाकर रखें, ताकि पशु पक्षी डिहाइड्रेशन से बच सके।

### किसान के साथ मारपीट मामले में आरोपी पकड़े

**डबवाली।** पुलिस ने गत दिवस अनाज मंडी डबवाली में किसान के साथ हुई मारपीट के मामले में आरोपी धर्मपाल व सुरेश कुमार निवासी मौजगढ़ को अदालत के आदेश पर शामिल जांच कर न्यायिक प्रक्रिया अनुसार कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग शुदा गेहूं उतारने वाला फावड़ा भी बरामद किया है।

### टोहाना में शादी में आए युवक की बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने शादी समारोह में गए एक युवक का मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे सदर टोहाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जमालपुर शेखां निवासी रामस्वरूप ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक शादी समारोह में भाग लेने ग्रीन स्टार मैरिज पैलेस में गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को पैलेस के बाहर खड़ा किया और अंदर चला गया। वापस आया तो बाइक गायब थी।

### मकान के ताले टूटे हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने फतेहाबाद में एक विधवा महिला के घर में घुसकर वहां से हजारों की नकदी व चांदी के गहने चोरी कर ले गए। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विधवा महिला गुड्डी देवी ने जानकारी दी है।

## गैर शैक्षिक कार्य करवाना बंद करो, हमें सिर्फ पढ़ाने दो: अध्यापक

# अध्यापकों ने ऑनलाइन डायरी लिखने का किया कड़ा विरोध

**अध्यापक का प्राथमिक काम बच्चों को पढ़ाना था, अब वो गौण होता जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

ऑनलाइन हाजिरी और गैर शैक्षिक कार्य करवाने के विरोध में जिलेभर के अध्यापकों द्वारा बुधवार को हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के आह्वान पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल ने की तथा संचालन सचिव देसराज माचरा ने किया। संघ के के राज्य उप महासचिव कृष्ण नैन, राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद, जिला कोषाध्यक्ष जगजीत मुडाही व जिला वरिष्ठ उपप्रधान डॉ. नीतु डूडेजा ने कहा कि शिक्षा विभाग हर रोज शिक्षा विरोधी फरमान जारी किए जा रहा हैं। गैर शैक्षिक कार्यों की भरमार हो गई है। अध्यापक का प्राथमिक काम बच्चों को पढ़ाना था, अब वो गौण होता जा रहा है।



फतेहाबाद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देते अध्यापक। फोटो: हरिभूमि

इसका ताजा उदाहरण है टीचर्स की ऑनलाइन डायरी, ऑनलाइन हाजरी, ऑनलाइन उल्लास, ये एक बहुत ही लंबा और गैरजरूरी काम है जिससे अध्यापक का सारा समय बर्बाद हो रहा है। जिस समय को अध्यापक ने बच्चों को पढ़ाने में लगना चाहिए था, वह व्यर्थ में चला जाएगा। पहले ही अध्यापकों को अनेक गैरशैक्षिक कार्य करवाए जा रहे हैं। इस प्रकार के आदेशों के विरोध में और 9 साल से जेबीटी शिक्षकों के ट्रांसफर ड्राइव जल्द चलवाने की मांग को लेकर प्रदेशभर में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण कच्चे शिक्षकों को अभी तक पक्का नहीं किया गया। पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जा रही। 2012 के नियम से आधे शिक्षकों की एसीपी काट दी गई है। कोर्ट से मिली हुई बंचिंग काटी जा रही है। किसी भी शिक्षक के अभिभावकों को भविष्य में मेडिकल क्लेम नहीं मिलेगा।

### 3000 शिक्षकों की एलटीसी नहीं मिल रही

उन्होंने कहा कि अध्यापकों पर गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। ट्रांसफर अब स्कूल बंदीकरण का हथियार बन गया है। लगभग 3000 शिक्षकों की 2020-2023 की एलटीसी नहीं मिल रही है। आज के धरना प्रदर्शन में एसटीएफआई के राष्ट्रीय महासचिव सीएन भारती, अध्यापक संघ के पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष राजेन्द्र बाटू, सीटू नेता बेगराज, अध्यापक संघ के राज्य सचिव पूनम रानी आदि पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर्स ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

शहर के वार्ड नंबर 3 में आज बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी वर्कर अनीता रानी की अगुवाई में अन्य वर्करो ने जागरूका रैली निकाली। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 3 में लडक़ों से ज्यादा लड़कियां होने पर लड़कियों की माताओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी वर्करों ने कहा कि लडक़े लडक़ी में कोई फर्क नहीं है। जो लोग गर्भ में बेटियों की हत्या करते हैं वह बहुत पाप करते हैं, ऐसे करने वालों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें बेटियों को शिक्षित करना होगा। अगर बेटियां सुरक्षित होगी तो ही समाज आगे बढ़ेगा।




रतिया। जागरूकता रैली निकालती आंगनबाड़ी वर्कर्स। फोटो: हरिभूमि

# सांसद कुमारी शैलजा का डबवाली दौरा चर्चा में

- सांसद बनने के बाद शैलजा ने डबवाली क्षेत्र में कोई कार्यक्रम नहीं किया जिससे उनका जनता के साथ सीधे संवाद हो सके

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

क्या सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के नक्शे कदम पर चल रही है? राजनीतिक गलियारों में यह बात चर्चा का विषय बन गई है। दरअसल सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा ने जिस प्रकार से अपनी विजय के बाद डबवाली क्षेत्र में अपने जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए हैं, उससे उन के कार्यक्रमों पर यह सवाल खड़े हो रहे हैं कि सांसद कुमारी शैलजा क्या चंद कांग्रेसी नेताओं की सांसद हैं या फिर वह जनता की सांसद हैं। सांसद बनने के बाद कुमारी शैलजा ने डबवाली क्षेत्र में अभी तक कोई ऐसा कार्यक्रम नहीं किया जिससे उनका जनता के साथ सीधे संवाद हो सके। विधानसभा चुनाव में भी उनकी सक्रियता पर राजनीतिक गलियारों में खूब चर्चा हुई और फिर परिणाम भी कांग्रेस के लिए सुखद नहीं रहा। कुमारी शैलजा का ताजा डबवाली दौरा सोमवार का था और यह दौरा भी आम लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा 18 से

**सिरसा।** हिन्दू भगवा वाहिनी ट्रस्ट द्वारा आगामी 18 अप्रैल से स्थानीय गीता भवन मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया जाएगा जिसमें वृंदावन से कथावाचक पं. महेश लवानियां भाग लेंगे। संस्था की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया चौहान ने बताया कि 18 अप्रेल को प्रातः कलश यात्रा सालासर धाम मंदिर से आरंभ होकर गीता भवन पहुंचेगी जिसमें 101 महिलाएं कलश लेकर शामिल होंगी। कथा आगामी 18 अप्रेल से लेकर 24 अप्रेल तक चलेगी। आगामी 25 अप्रेल को सुखदेव विदाई, हवन व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। रूकमणी विवाह पर कन्यादान लॉयस क्लब सिरसा अमर के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रमेश साहुवाला व उनकी धर्मपत्नी नीलम साहुवाला द्वारा किया जाएगा।

# एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की तैयारियां पूरी

- संगोष्ठी में देशभर से विभिन्न विषयों के विद्वान, शोधार्थी और शिक्षाविद भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जेसीडी विद्यापीठ के शिक्षण महाविद्यालय में आगामी 18 अप्रेल को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी जिसका विषय शिक्षा, फार्मेसी, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, विज्ञान और मानविकी में नवीन प्रौद्योगिकी का एकीकरण निर्धारित किया गया है। इस संगोष्ठी में देशभर से विभिन्न विषयों के विद्वान, शोधार्थी और शिक्षाविद भाग लेंगे। विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि इस संगोष्ठी का आयोजन शिक्षण महाविद्यालय के सभागार कक्ष में किया जाएगा। उद्घाटन सत्र के मुख्यातिथि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. दीप्ति धर्माणी होंगी। समापन सत्र में कुलसचिव, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय डॉ. राजेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर डीन, शिक्षा संकाय डॉ. निवेदिता, अध्यक्ष, शिक्षा विभाग डॉ. रंजीत कौर, शिक्षा विभाग, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालयडॉ. मीना कुमारी, प्रार्चाया डॉ. पूनम गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगी। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से लगभग 200 प्रतिभागी भाग लेंगे और अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन बहुविषयक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करेगा, समन्वय पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### पशु चोरी के मामले में गिरफ्तार यूपी के युवक

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस ने गांव ढाणी भोजराज व ढाणी सांचला से दो सरकारी झोटे चोरी करने की वारदात को भी सुलझा लिया है। गत दिवस पशु चोरी के मामले में गिरफ्तार युवक उमर पुत्र फारूख उर्फ बिल्लू निवासी झिझाना, जिला शामली, यूपी ने चोरी की इस वारदात को अंजाम देने की बात कबूली है। इसके बाद पुलिस ने उसे इस मामले में गिरफ्तार कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि इस बारे भूना पुलिस ने 20 सितम्बर 2024 को ढाणी सांचला के सरपंच राजेन्द्र सिंह व ढाणी भोजराज के सरपंच प्रतिनिधि राजेश की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार चोर रात को गांव ढाणी सांचला व ढाणी भोजराज से दो पंचायती झोटे चोरी कर ले गए हैं।

# काजलहेड़ी में चोरियों को लेकर एसपी से मिले ग्रामीण

- गांव में अब तक 70 से 80 चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस 3-4 मामलों में ही रिपोर्ट दर्ज कर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गांव काजलहेड़ी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। बुधवार को दर्जनों ग्रामीण फतेहाबाद स्थित लघु सचिवालय पहुंचे और एसपी आस्था मोदी को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अब तक 70 से 80 चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस महज 3-4 मामलों में ही रिपोर्ट दर्ज कर रही है। इससे आरोपियों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का ही एक युवक चोरी की घटनाओं में संलिप्त है और जब कोई उसका विरोध करता है, तो वह और उसका परिवार लोगों को धमकाने लगते हैं। इस मौके पर ग्रामीण राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि वह कई बार पुलिस चौकी जाकर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। उनका आरोप है कि जब भी आरोपी को पकड़ा जाता है, तो कुछ समय बाद ही उसे छोड़ दिया जाता है, जिससे गांव में डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने एसपी से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और गांव में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। एसपी आस्था मोदी ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कर जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



फतेहाबाद। एसपी से मिलने पहुंचे गांव काजलहेड़ी के ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

# राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए संघर्ष करेंगे: वधवा

- बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री से मिला ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिबदयाल वधवा के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ से मिला। शिष्ट मंडल में हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रजनेश बहल, राजस्थान के प्रदेश महासचिव सिमरजीत सिंह मरवाह, कोटा व जयपुर संभाग के प्रभारी नमन कालरा, दिल्ली के जिलाध्यक्ष संजय अजमानी शामिल थे। बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिबदयाल वधवा को पगड़ी पहनाकर उनका अभिनन्दन किया एवं समाज को एकजुट करने व समाज के लिए अच्छा कार्य करने के लिए उनकी मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की। शिष्ट मंडल ने राष्ट्रीय महामंत्री से पूरे देश में खत्रिय वर्ण को जनसंख्या के आधार पर पार्टी व सरकार में हिस्सेदारी देने के लिए आंकड़े पेश करते हुए साहिबदयाल वधवा ने कहा कि पूरे देश में खत्रिय वर्ण की जनसंख्या 10 प्रतिशत है जबकि राजनैतिक रूप से हिस्सेदारी नगण्य है। तरूण चुघ स्वयं खत्रिय वर्ण से हैं और बीजेपी में उच्च पद पर विराजमान हैं। वह अपने वर्ण की आवाज उठाए। कर जिसकी जितनी संख्या, उसकी



फतेहाबाद। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ को स्मृति चिन्ह भेंट करते ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### शिष्ट मंडल को दिया आश्वासन


हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ ने हरियाणा के आंकड़ों के अनुसार राज्यसभा की 2 सीटें, लोकसभा की 3 सीटें, मंत्रीमण्डल में 4 मंत्री, 27 विधानसभा की सीटें, जिला परिषद, नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका, पंचायत समिति, बोर्डो व निगमों के चेयरमैन, उप चेयरमैन, आयोगों व सरकार के अन्य विभागों में अटॉर्नी जनरल, सहायक अटॉर्नी जनरल व अन्य सभी प्रकार की राजनीतिक नियुक्तियों में 30 प्रतिशत की मांग की।

# राहुल शीरा बने सिरसा जिलाध्यक्ष

- राहुल शीरा ने कहा पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरी ईमानदारी, लग्न व निष्ठा से निभाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया अठावले के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास अठावले एवं हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष रवि कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में सिरसा के सुखसागर कॉलोनी निवासी राहुल शीरा को रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया अठावले का सिरसा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर राहुल शीरा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेशाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जिस उम्मीद के साथ उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी ईमानदारी, लग्न व निष्ठा से निभाएंगे। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ेंगे। उनके साथ गुरप्रीत व रणजीत सिंह भी मौजूद रहे।



सिरसा। राहुल शीरा को रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया अठावले का जिलाध्यक्ष नियुक्ति का पत्र सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सोशल मीडिया पर हथियार सहित फोटो पोस्ट करने वाले के खिलाफ दर्ज किया केस

**फतेहाबाद।** एसपी आस्था मोदी द्वारा सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वालों पर सख्त कार्रवाई के दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। युवक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर अवैध हथियार के साथ फोटो पोस्ट किया गया था। थाना शहर फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि रामनिवास उर्फ बालाजी पुत्र कृष्ण कुमार निवासी भोडियाखेड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर सोशल मीडिया का दुरूपयोग करते हुए हथियारों की फोटो डाली हुई है। पुलिस ने जब उसके इंस्टाग्राम अकाउंट को चैक किया तो पाया कि रामनिवास ने अवैध हथियारों के साथ प्रदर्शन करके गुण्डागर्दी का माहौल पैदा करने और लोगों में डर का माहौल पैदा करने के लिए सोशल मीडिया पर 2022, 2023, 2024 व 2025 में डाली हुई थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

### मजदूर के घर से चोरी मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस ने काम के लिए राजस्थान गए एक मजदूर के घर चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान कविता रानी पत्नी सुरजीत निवासी अलीपुर बरोटा हाल वार्ड नं. 14 भूना के रूप में हुई है। इस मामले में एक आरोपी विनोद उर्फ गोदी पुत्र सतबीर निवासी वार्ड नं. 9 भूना हाल गांव टिब्बी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि इस बारे भूना पुलिस ने 9 अप्रैल को वार्ड नं. 14, नजदीक शांति निकेतन स्कूल, भूना निवासी संदीप की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

## फतेहाबाद क्रिकेट लीग का शुभारंभ

# फाइनल में पहुंची टोहाना जोन की टीम

- खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अंडर-14 में तीन जोन की टीमें बनाई गई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से एवरेस्ट स्पोर्ट्स क्लब द्वारा फतेहाबाद क्रिकेट लीग-2025 का आयोजन किया जा रहा है। गांव बहबलपुर स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल में बुधवार को इस क्रिकेट लीग का शुभारंभ हुआ। क्रिकेट लीग का शुभारंभ रॉयल स्कूल के चेयरमैन डॉ. हरमेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। एवरेस्ट स्पोर्ट्स क्लब के प्रधान प्रहलाद सिंह कुलरिया ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। फतेहाबाद क्रिकेट लीग को लेकर पिछले दिनों ट्रायल लिए गए थे। ट्रायल में जिलेभर से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अंडर-14 में तीन जोन की टीमें बनाई गई थी। इनमें फतेहाबाद जोन, टोहाना जोन व रतिया जोन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन तीनों जोनों के मैच आज से रॉयल क्रिकेट अकेडमी में करवाए गए।



फतेहाबाद। क्रिकेट लीग के शुभारंभ पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते अतिथिगण।

### डॉ. हरमेन्द्र सिंह ने टॉस करवाकर हौसला बढ़ाया

क्रिकेट लीग का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन डॉ. हरमेन्द्र सिंह ने टॉस करवाकर किया। उन्होंने खिलाडियों से मिलकर उनका हौंसला बढ़ाया और खेलों को खेल भावना से खेलने का आह्वान किया। इस दौरान तीनों जोनों के बीच दो-दो मैच हुए, जिनमें टोहाना जोन ने सर्वाधिक मैच जीतकर फाइनल मैच में जगह बनाई। इसके बाद फतेहाबाद व रतिया जोन में मैच होंगे और इनमें विजेता टीम फाइनल में टोहाना से भिड़ेगी। इस अवसर पर रॉयल स्कूल की प्राचार्या सुनीता मेहता, एवरेस्ट स्पोर्ट्स क्लब के सचिव अरूण खोड, कोच सुनील कुमार, कोच सन्नी कुमार, कोच संजय कुमार जोधा, कोच मनदीप सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।